# आदर्श उत्तर 01

तो उससे हमारा सिर ही ऊँचा नहीं होता, बल्कि देश का सिर भी ऊँचा होता है और उसका गौरव बढ़ता है। इसलिए हमें ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए, जिससे हमारे देश की प्रतिष्ठा पर आँच आए।

उत्तर (5) पाठ्यपुस्तक की किसी भी कविता की चार पंक्तियों पर अंक दिये जाँए।

उत्तर (6) प्रति,

श्रीमान प्रधानाध्यापक महोदय,
शासकीय प्राथमिक विद्यालय क्र. 2
भोपाल (म.प्र.)

महोदय,

सेवा में नम्र निवेदन है कि बुखार से पीड़ित होने के कारण मैं विद्यालय में उपस्थित नहीं हो सकता हूँ। डॉक्टर साहब ने चार दिन तक विश्राम करने की सलाह दी है। कृपया आज से चार दिन का अवकाश प्रदान करने का कष्ट करें। धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी छात्र
क. ख. ग.

अथवा

"विद्यार्थी और अनुशासन" अथवा "मेरी शाला ऐसी हो" पर जाँच करने वाले शिक्षक अपनी समझ अनुसार पाँच वाक्य पर अंक दें।

उत्तर (7) (1) समाचार पत्र की उपयोगिता

(2) समाचार पत्र से प्रतिदिन देश व विदेश की घटनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। समाचार पत्र से नये व्यापार और नये उत्पाद की जानकारी प्राप्त होती है। बाजार में होने वाली घट-बढ़ की जानकारी मिलती है। खेल जगत, फिल्मी समाचार नये-नये अविष्कार की जानकारी मिलती है।

Abhishek Shrivastava

# आदर्श उत्तर 01

उत्तर 5 (अ) (i) एक बार अम्बेडकर जी का कुत्ता बीमार हो गया उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया। वहीं उसकी मृत्यु हो गई। यह खबर सुनते ही ऐसे रोने लगे जैसे कोई अपने स्वजन की मृत्यु पर रोता है। यह घटना उनके पशु प्रेम को प्रदर्शित करती है।

अथवा

हम भी सीखें कविता के माध्यम से कवि कहता है कि प्रकृति हमें सदैव देती ही रहती है, तो हम इन्सानों का यह कर्तव्य बनता है कि हम भी अपने देश की खातिर कुछ ऐसा कार्य करें जिससे दूसरों का भला हो। प्रकृति ने हमें सूरज, पेड़, हवा, शीतल छाया, रोशनी सभी निशुल्क प्रदान की है वैसे ही हमें अशिक्षितों को पढ़ाकर और पिछड़े लोगों को आगे लगाकर देश को समृद्ध बनाना है।

मेरा नया बचपन कविता में कवयित्री श्रीमती सुभद्राकुमारी चौहान ने अपने बचपन के दिनों का स्मरण करते हुए उसे आनंद के क्षण को बताया है। उन दिनों हमें किसी प्रकार की चिन्ता नहीं रहती है। मन में भेदभाव नहीं रहता है। जीवन में सरसता रहती है। इसी बीच कवयित्री की नन्ही बिटिया सामने आ जाती है। वह मिट्टी खाकर आई थी। कुछ मिट्टी अपनी माँ को खिलाने के लिए लाई थी। कवयित्री अपनी बच्ची में अपना बचपन खोजने लगी और जीवन का सुख अनुभव करने लगी।

(ब) नृत्य और गीत इनके आमोद-प्रमोद के मुख्य साधन हैं। तीजत्योहारों और सामाजिक अवसरों पर सामूहिक आनन्दोत्सव की झलक इन निवासियों में देखने मिलती है। पातालकोट के निवासी मुख्य त्योहारों में अपना मनपसन्द खाना खाते-पीते हैं और दिन-रात नाच-गाने में डूबे रहते हैं।

अथवा

यदि हम बुरा कार्य करते हैं तो हमारे माथे पर कलंक का टीका लगता, बल्कि देश का भी सिर नीचा होता है और उसकी प्रतिष्ठा गिरती है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं,

Shrivastava

# आदर्श उत्तर -01

प्रश्न क्रमांक 1 सही विकल्प

उत्तर क्रमांक (1) 1 (द) उज्जैन में

2 (स) बेर

3 (ब) नाविक

4 (ब) अनेकार्थी

5 (स) रवि

उत्तर (2) रिक्त स्थान –

(1) मेघनाथ

(2) नानाजी मालसुरे

(3) ~~[illegible]~~ ताली

(4) सु

(5) नीर

कोई (5)

उत्तर (3) (A) पुष्प वनमाली से कह रहा है कि वह उसे तोड़कर उस रास्ते पर बिछा दे, जिस रास्ते से होकर वीर सैनिक अपनी मातृभूमि की रक्षा करने हेतु जा रहे हों।

(B) मालवा की धरती पर राजा भोज व राजा विक्रमादित्य जैसे महान बुद्धिमान, न्यायप्रिय और प्रजा वत्सल राजा हुये हैं

(C) भारतीय सेना के तीन अंगो के नाम हैं (1) थल सेना (2) जल सेना (नौ सेना) (3) वायु सेना

(D) ईश्वरचन्द्र ~~अपने पिता के साथ~~ का जन्म 26 सितम्बर 1820 को कोलकाता से बीस मील दूर पश्चिम में स्थित वीरसिंह गाँव के एक गरीब परिवार में हुआ था।

(E) कवि कहते हैं कि यदि कोई बार-बार अभ्यास करता है तो मूर्ख व्यक्ति भी बुद्धिमान बन सकता है जिस प्रकार कुँए में बार-बार रस्सी डालने पर पत्थर पर भी निशान बन जाता है।

(F) दशहरा का मेला देखने दीपा, दिनेश और अनुश्री अपने पिता रघुनन्दन के साथ गए।